जनपद में गोवर्धन प्लांट के प्रचालन एवं रख–रखाव व्यवस्था का संक्षिप्त विवरण।

जनपद–बांदा

जनपद में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज–2 योजनान्तर्गत अन्तर्गत गोवर्धन बायो गैस प्लांट स्थापित किया गया हैं, प्लांट जनपद के नरैनी ब्लाक की ग्राम पंचायत रगौली भटपुरवा की गौशाला में स्थापित है। स्वच्छ भारत मिशन–ग्रामीण के दूसरे चरण में जब स्वच्छता को ठोस एवं तरल कचरे के प्रबंधन के सापेक्ष देखा जाने लगा, उस समय गोबर तथा उसके मूल्य संवर्धन की योजना पर उपलब्ध प्रौद्योगिक विकल्पों की रौशनी में पंचायत स्तर पर विमर्श की शुरूआत हुई, और इन्हीं विकल्पों से सामूहिकता की आवश्यकता नें जन्म लिया। गोबर के सुरक्षित उपचार या प्रोसेसिंग के नजरिये से सामुदायिक बायोगैस प्लांट का विकल्प सामूहिकता की इसी आवश्यकता को रेखांकित करता हैं।

ग्राम पंचायत रगौली भटपुरवा की भौतिक परिस्थितियों तथा उनमें व्याप्त अंतर्विरोधों ने ग्रामीण क्षेत्रों की स्वच्छता पर केंद्रित ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन कार्यक्रम के माध्यम से सामजिक परिवर्तन की एक ऐसी मूलभूत व्यवस्था के संचालन को आवेग प्रदान किया जिसका सम्बंध आर्थिक, सामजिक एवं पर्यावरणीय स्थितियों में आपेक्षित सुधारों से है। यह एक सहभागी प्रक्रिया का प्रतिफल था, जिसमें मानवीय सम्बंधों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण थी। इन सम्बंधों के बिना ग्राम विकास की परिकल्पना साकार करना मुश्किल जरूर होगा।

ग्राम पंचायत की आय बढाने में बायो गैस प्लांट से आंटा चक्की लगायी गयी है। जिससे ग्राम पंचायत में अब तक रू0 27500/– मात्र की आय हुई है।